हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025



# खरसिया-परमालकसा रेल लाइन का सर्वे पूरा, योजना के लिए 8741 करोड़ स्वीकृत

## प्रदेश के दो प्रोजेक्ट में 278 किमी रूट है, इस रूट में 615 किमी लंबी पटरियां बिछाने का काम होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केन्द्र शासन और रेल मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ द्वारा बिलासपुर से रायपुर और परमालकसा तक पांचवी और छठवी लाइन को हरी झंडी दे दी गई है। रेल मंत्रालय से कार्य स्वीकृत होने के उपरांत एसईसीआर के अफसरों ने लाइन बनाने के लिए सर्वे कार्य भी पूरा कर लिया है। भूमि अधिग्रहण के लिए रेलवे की ओर से अब राज्य सरकार को पत्र लिखने की तैयारी की जा रही है। योजना के तहत रेल लाइन का काम पूरा करने के लिए 8741 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक रेलवे लाइन बनाने का मुख्य उद्देश्य यात्री गाड़ियों के साथ मालगाड़ियों का परिचालन सुचारू रूप से किया जाना है, ताकि किसी भी ट्रेन के कारण दूसरी ट्रेन के परिचालन पर प्रभाव न पड़े। प्रदेश में निर्धारित दो प्रोजेक्ट में 21 नए स्टेशन बनेंगे तो 48 बड़े ब्रिज, 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाई ओवर और 184 अंडरपास का निर्माण होगा। ज्ञात हो कि प्रदेश के रेल जोन में अधोसंरचना के नाम पर तीसरी लाइन और चौथी लाइन का काम पिछले 10 साल से किया जा रहा है। बिलासपुर डिवीजन में चौथी लाइन का कार्य बिलासपुर से झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन तक, तीसरी लाइन का कार्य रायपुर डिवीजन और नागपुर डिवीजन के बीच हो रहा है। इसके बाद खरसिया से बिलासपुर, बिलासपुर से रायपुर और रायपुर से परमालकसा तक लाइन बनाने का कार्य करने से पहले सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। इस पूरे प्रोजेक्ट के दौरान लाइन बिछने पर छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का और सुधार होगा और यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। इसे देश के सबसे बड़े टॉप 10 प्रोजेक्ट में से एक माना जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे।

### सर्वे के बाद अधिग्रहण की बारी

मिली जानकारी के अनुसार खरसिया से लेकर परमालकसा तक पांचवी और छठवी लाइन बनाने से पहले किए गए सर्वे के कार्य में रेल अफसरों को निजी और सरकारी भूमि की जानकारी मिली। इसमें करीब 800 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने की रिपोर्ट सर्वे के दौरान बनाई गई। इन स्टेशनों के बीच डोंगरगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर सहित अन्य छोटे-बड़े स्टेशन भी आ रहे हैं, जहां से लाइन बनाने का काम किया जाएगा। सर्वे करने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट जोनल मुख्यालय को सौंप दी है।



### राशि स्वीकृत हो गई

खरसिया से परमालकसा तक पांचवी और छठवी लाइन के लिए राशि स्वीकृत हो गई है। सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। रेल लाइन बनाने में भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। जिसमें करीब 800 हेक्टेयर से अधिक निजी और शासकीय भूमि आ रही है। इस भूमि अधिग्रहण के कार्य को राज्य शासन करके रेलवे को देगी। जिसके बाद लाइन बनाने का काम होगा।

### नहीं होगी यात्री ट्रेनें प्रभावित

स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे अब बायपास पद्धति को अपना रही है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी। इस रेल लाइन निर्माण के दौरान भी इस पर पूरा फोकस रहेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत डोकर और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिये जुड़ेंगे। इसके चलते दो करोड़ लोगों को स्थानीय स्तर में रोजगार के अवसर भी मिलने की बात कही जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आपत्तिजनक पोस्ट ना करें, रहेगी पैनी नजर




**राजनांदगांव।** पुलिस द्वारा व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों और सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर पोस्ट करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ ग्रुप एडमिन को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले मैसेज, फोटो या वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट न करें, भड़काऊ पोस्ट करना या पोस्ट फार्वड करना अनुचित है। ऐसा करने से उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी संभावित है। अफवाहों या भड़काऊ पोस्ट ना फैलाएं, जिम्मेदार नागरिक बने अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सौहार्द्र बिगाड़ने वाले पोस्ट की जानकारी मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम राजनांदगांव के फोन नंबर को सूचित करें।

### छेड़छाड़ का आरोपी हुआ गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** महिला से गाली-गलौज कर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया चौकी सुकुलदैहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 अक्टूबर को शाम पौने 7 बजे दुकान पर थी, तभी आरोपी चंद्रेश खुटेल प्रार्थिया को गाली-गुफ्तार कर छेड़छाड़ किया है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 296, 74 बीएनएसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी चंद्रेश खुटेल को गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### माय एंगल




## दीपावली त्योहार के दौरान असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने निर्देश

# त्योहार से पहले सभी थानेदारों की क्राइम मीटिंग, निकला प्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर जिले के पुलिस अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर दीवाली पर्व के दौरान असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने कहा। संध्याकालीन व रात्रि पेट्रोलिंग लगातार किए जाने हेतु हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली गई।

### संदिग्धों की पहचान करें

जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। अपराधों पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों, शराब व नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकूबाजों पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों की लगातार चेंकिग करते रहने हेतु निर्देश दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने, समंन वारंट की समय पर तामिली हेतु कहा गया। नवा बिहान और जनजागरूकता के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने हेतु कहा गया।

### रात्रि पेट्रोलिंग लगातार हो

समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौक-चौराहों में बल लगाकर संध्याकालीन व रात्रि पेट्रोलिंग लगातार किए जाने हेतु हिदायत दी गई। शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उक्त मीटिंग में अतिरिक्त अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर व जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### शहर के प्रमुख मार्ग से निकला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


दीपावली त्योहार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था एवं अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं शहर के चौक-चौराहों में पुलिस का जवान तैनात किया गया है।



दीपावली त्योहार के मद्देनजर राजनांदगांव शहर में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में 17 अक्टूबर को फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी तनु प्रिया ठाकुर, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा अपने दल-बल के साथ शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजार-हाट एवं मुख्य शहर मार्ग पर खरीदी-बिक्री हेतु भीड़भाड़ वाले जगहों में पैदल फ्लैग मार्च की एवं पुलिस की फिक्स पॉइन्ट भी लगाया गया।

**शहर के भीतर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित :** दीपावली त्योहार को लेकर बाजार में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाने हेतु दुकानदारों को अपने दुकान का सामान सड़क पर ना रखने की हिदायत दी गई। शहर के मुख्य मार्ग व बाजार में त्योहारों की खरीदी-बिक्री हेतु भीड़भाड़ वाले जगहों में लोगों को जाम की परेशानियों से बचाने के लिए राजनांदगांव शहर के अंदर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा ना करें अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# दिन-रात के तापमान में 13 डिग्री का अंतर, सेहत पर पड़ रहा सीधा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की विदाई के बाद से ही तापमान में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के करीब बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री के आसपास है। दिन और रात के तापमान में करीबन 13 डिग्री का लंबा अंतर देखने को मिल रहा है। जिसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है।

पिछले एक सप्ताह में वायरल के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वहीं बीमार पड़ रहे लोगों को स्वस्थ होने में भी लंबा समय लग रहा है। इधर मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंडी हवाएं चलने का दौर तेज होगा। जिसकी वजह से न केवल रात में, बल्कि दिन में भी ठंडकता महसूस होने लगेगी। वहीं अलसुबह धुंध भी दिखाई देना शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग द्वारा जारी होने वाले मौसम बुलेटिन के अनुसार अंचल में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर झारखंड के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 19 अक्टूबर को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। हालांकि प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं बढ़ते मरीज को देखते हुए डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वायरल होने पर तरल पदार्थ ज्यादा लें, बच्चों को हल्का गर्म पानी दें। ऊनी कपड़े पहने और शरीर का तापमान मेनटेन करें, बच्चों को सर्द-गर्म से बचाने के लिए एकदम खुले में न जाने दें।

# बाजार में चार पहिया की एंट्री, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली की खरीदी के लिए बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी ओर चार पहिया वाहनों के प्रवेश करने से जगह-जगह जाम लग रहा है। जिससे लोगों को समस्याएं हो रही है। वहीं जाम की वजह से लड़ाई-झगड़े की स्थिति भी बन रही है।

दीपावली पर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए कोई भी ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहा है। शहर के बाजार क्षेत्र में तीन और चार पहिया वाहन प्रवेश कर रहे हैं। जिसकी वजह से जाम लग रहा है। वहीं नेशनल हाईवे पर गायत्री मंदिर चौक के समीप से इमाम चौक तक ट्रकों को खड़ी कर माल लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है। जिसके चलते यहां दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। शहर का बाजार क्षेत्र होने की वजह से इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा हुआ है। वहीं भारी वाहनों के सड़क में खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है।




### बेधड़क घूम रहे ई-रिक्शा, स्टॉपर के पास जवान नहीं!

शहर के गुड़ाखू लाइन, जयस्तंभ चौक, हलवाई लाइन, कामठी लाइन, जूनीहटरी, गुरुद्वारा रोड में मालवाहक, तीन-चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा के प्रवेश करने से जाम लग रहा है। कुछ जगहों पर स्टॉपर रखा गया है, लेकिन आसपास पुलिस जवान नहीं होने पर स्टॉपर हटाकर वाहन चालक अपने वाहन ले जा रहे।

# भगवान धन्वंतरि प्रकट उत्सव पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धनतेरस के अवसर पर भगवान धन्वंतरि प्रकट उत्सव का आयोजन करते लायंस क्लब ऑफ नांदगाव द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली को लेकर प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान आयोजन में उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने आयुर्वेदिक चिकित्सा को लेकर प्रकाश डाला।

लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के जनक भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली को लेकर जागरूक किया गया। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने कहा कि यह चिकित्सा प्रणाली आदिकाल से चली आ रही है। आज से लगभग 7 हजार ईसा पूर्व आयुर्वेदिक शास्त्र में इसका उल्लेख किया गया है। आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देव और दानव के समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। जिसको लेकर आज आयुर्वेद के महत्व को आयोजन के माध्यम से बताया जा रहा है।

### शरीर ही दौलत

वर्तमान समय में बीमारियों से घिरे लोगों के बीच स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी दौलत है। धनतेरस के अवसर पर आयुर्वेद के माध्यम से चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि जो बीमारी का इलाज एलोपैथी में नहीं है, उसका इलाज आयुर्वेद द्वारा संभव है। आयोजन में शामिल होते हुए विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इस आयोजन में आयुर्वेदिक चिकित्सा मथुरा प्रसाद जोशी, कचरू शर्मा, डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, राकेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## घर-आंगन में जगमगाए दीये, लोगों ने शुभ मुहूर्त पर की खरीदी

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन, जमकर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीवाली पंच पर्व के तहत शनिवार को धनतेरस पर्व के तहत घर-आंगन में दीप जलाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की गई। इसके साथ ही दीवाली पंच पर्व की शुरूआत हो गई है। बाजार में लोगों ने आवश्यकता की सामग्रियों की जमकर खरीदी की।

कार्तिक माह के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर शाम होते ही घर के आंगन में रंग-बिरंगी रंगोली सजाई गई। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर घर व आंगन में दीप जलाए गए एवं मंगल कामना की गई। ऐसी मान्यताएं हैं कि इस दिन भगवान धनवंतरी का प्राकट्य हुआ था। इसी कारण से इसे धनवंतरी जयंती के साथ धन त्रयोदशी भी कहा जाता है। धनतेरस पर मां लक्ष्मी के साथ कुबेर व धनवंतरी की पूजा-अर्चना की गई।



### मुहूर्त पर जमकर खरीदी

पर्व पर शुभ मुहूर्त में खरीदी करने के लिए शहरी सहित ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे। सुबह से शाम तक बाजार में चहल-पहल रही। बाजार में दीये से लेकर रंगोली, बर्तन, आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रानिक सामग्री, वाहन सहित कपड़े, पूजा सामग्रियों की लोगों ने जमकर खरीदी की। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में दिनभर रौनक बनी रही। संभावना जताई जा रही है कि आगामी दिनों में भी बाजार में चहल-पहल और खरीदी करने का क्रम जारी रहेगा।

### पंच पर्व शुरू

धनतेरस के साथ ही पंच पर्व शुरू हो चुका है। जिसके तहत 19 अक्टूबर को नरक चौदस, 20 को दीवाली, 22 को गोवर्धन पूजा एवं 23 को भाई दूज पर्व मनाया जाएगा। वैसे तो पूरे कार्तिक मास में व्रत त्योहारों का क्रम है, लेकिन दीवाली पर्व का उत्साह देखते ही बनता है। दीवाली पर्व मनाने के लिए लोगों ने व्यापक तैयारियां की है। घर, दुकान, दफ्तर की साफ-सफाई के साथ ही रंग-बिरंगे बिजली एवं अन्य साज-सजावट की सामग्रियों से सजावट की गई है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पर्वों को लेकर उत्साह का माहौल है।

# पटाखा बाजार में सफाई का अभाव, सुरक्षा इंतजाम भी अधूरे





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगे पटाखा बाजार में सफाई का अभाव दिखाई दे रहा है। वहीं सुरक्षा के इंतजाम भी अधूरे हैं। हालांकि शनिवार को एक पानी टैंकर रखा गया है।


दीपावली पर्व पर सजे हमारे साथ खरीदे सूरत की साड़ी सूरत के दाम पर एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिये खरीदे कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी, सूट, ब्लेजर, साड़ियां, रेडीमेड, लाचा, होजयारी, हैंडलूम, सूटिंग, फर्निशिंग, शर्टिंग, किड्स वियर

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में मड़ियान के खिलाड़ी छाए



**मड़ियान।** ग्राम मड़ियान के छह खिलाड़ियों ने बिलासपुर में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम से खेलकर उपविजेता का खिताब हासिल किया। रायपुर संभाग, सरगुजा संभाग, बस्तर संभाग का फाइनल में बिलासपुर के साथ हुआ मुकाबला। स्पर्धा में प्रीति, लीना, देविना, सोनिया मंडावी, वैष्णवी, चितेश्वरी मंडावी ने भाग लिया। इस जीत पर प्राचार्य एसबी सोमबरत, प्रधानपाठक हेमलाल चंद्रवंशी, कोच हरीश साहू, राममोहन द्विवेदी, चंद्रकांत डोंगरे, विजय ताम्रकार, जितेंद्र वर्मा, सरपंच तुम्मन मंडावी ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### डांस स्पर्धा 20 को

**मुरमुंदा।** कान्हा ग्रुप, सार्वजनिक गौरा गौरी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से डांस प्रतियोगिता का आयोजन 20 अक्टूबर को बाजार चौक मुरमुंदा में रखा गया है। समिति के सदस्य जमीद भोयर एवं राकेश यादव ने बताया सामूहिक नृत्य में विजेता को क्रमशः 4001, 3001, 2001, युगल नृत्य में 2501, 2001, 1001, एकल नृत्य में 2001, 1501, 701 रूपए दिया जाएगा।

### चकनार में मवेशियों का टीकाकरण



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में शनिवार को पशु विभाग ने शिविर लगाकर टीकाकरण किया। मवेशियों को लम्पी रोग सहित अन्य बीमारियों से बचाने टीका लगाया गया। अलग अलग बीमारी के करीब पांच सौ जानवरों के लिए दवाई वितरण किया गया तथा तीन सौ को टीका लगाया गया। शिविर में सरपंच वंदना लालचंद पटेल, डोगेन्द्र शोरी, डां योगेन्द्र, श्यामलाल चतुर्वेदी, रघुनंदन दास मानिकपुरी, मुकेश कुमार यादव सहित पशुपालक उपस्थित थे।



### पीएससी में मयंक ठाकुर सफल

**डोंगरगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र रहे मयंक सिंह ठाकुर आ रामकुमार ठाकुर निवासी करियाटोला ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा से कामयाबी हासिल किया है। वह उच्च शिक्षा विभाग में पदस्थ हुए है। विद्यालय परिवार मयंक सिंह ठाकुर को बधाई दी है।

### बेस्ट ऑफ द वेस्ट स्पर्धा में अनुप्रिया प्रथम



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के सृजन कला केंद्र के तत्वावधान में बेस्ट आफ द वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की बोतलें, पुराने कार्ड बोर्ड, कपड़े, लकड़ी और अन्य वेस्ट वस्तुओं का उपयोग कर आकर्षक वस्तुएँ निर्मित कीं, जिनमें सजावटी सामान, पेन स्टैंड, गार्डन डेकोरेशन आइटम आदि शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुप्रिया सोनी, द्वितीय शिवानी सिन्हा, तृतीय स्थान मयूरी सिन्हा, हसीना कंवर ने प्राप्त किया। संचालन तुलिका चक्रवर्ती ने किया। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### सड़क पर गहरा गड्ढा



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ से बोरतलाव मार्ग पर जेल परिसर के आगे पुलिया के पास बड़ा गढडा हो गया है। इस मार्ग में कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने बताया कि कभी भी पुलिया के धंसने से मार्ग बंद हो सकता है। पुलिया के अंदर लगभग 3 मीटर से अधिक चौड़ा गढढा हो गया है। मार्ग में गुजरने वाले लोगों ने सुरक्षा के लिहाज से पत्थर रख दिया है किंतू पुलिया की मरम्मत नही की गई तो बड़ी घटना हो सकती है।

### टीचर्स ने सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक ईकाई के अध्यक्ष मनीष पशीने के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, मनोज कुमार वर्मा आदि ने सभी शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर करने की पहल करने मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नही मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमारी जैन, बृजभूषण राजपूत, पीताम्बर चंद्रवंशी, सीताराम उइके, भोजराम धुर्वे, बेदराम ओटी, नवनीत वैष्णव, तिलेश्वर वर्मा मौजूद थे।

## अनुमति के बगैर विज्ञापन, 10 हजार रुपए जुर्माना

# शहर से अवैध विज्ञापन हटाने निगम आयुक्त ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### संपत्ति विरुपण का उल्लंघन



नगर निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवार व छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बैनर-पोस्टर, फ्लाई ओवर के पिल्हर, तालाबों के बाउंड्रीवाल में बिना अनुमति के लगे विज्ञापनों पर नगर निगम द्वारा समय-समय पर नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाती है। इसी कड़ी में बुढ़ासागर, रानीसागर के बाउंड्रीवाल एवं अन्य स्थलों में किए गए अवैध विज्ञापन पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने संबंधितों को नोटिस जारी कर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने शहर के 11 विज्ञापनकर्ता जिन्होंने अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार के लिए बुढ़ासागर एवं रानीसागर के बाउंड्रीवाल एवं अन्य स्थलों में अवैध रूप से विज्ञापन किया है, उन्हें नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि विज्ञापनकर्ता द्वारा अवैध रूप से विज्ञापन प्रकाशन कर शासकीय संपत्ति का विरूपण किया गया है, जो छग नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 335 एवं सम्पत्ति विरूपण का स्पष्ट उल्लंघन है।

#### दी गई हिदायत

नोटिस में कहा गया है कि उपरोक्त सभी विज्ञापनकर्ता नोटिस प्राप्ति के 1 दिवस के अंदर उपरोक्त स्थलों में अवैध रूप से किए गए विज्ञापन प्रकाशन को हटा लें। साथ ही शासकीय संपत्ति को विकृत किए जाने के कारण संबंधित पर 10 हजार रुपए अर्थदंड आरोपित कर तत्काल निगम कोष में जमा करने कहा गया है। इसके अलावा उन्हें हिदायत दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिससे उत्पन्न क्षति तथा हर्जे-खर्चे की संपूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी। आयुक्त ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा है कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लें।

# सुप्रीम कोर्ट घटना की कड़ी निंदा, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ बौद्ध समाज ने रखा 6 सूत्रीय मांग

आदर्श बौद्ध महासभा एवं नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति ने बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति के ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जूता फेंकने की घटना को निंदनीय, असंवैधानिक और न्यायपालिका की पवित्रता पर आघात बताया है। बौद्ध समाज ने घटना को न्यायिक गरिमा पर हमला करार देते हुए दोषी व्यक्ति पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई की मांग की है। बौद्ध समाज ने ज्ञापन में 6 प्रमुख मांगे रखी है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई, अधिवक्ता राकेश किशोर पर एनएसए अंतर्गत कार्रवाई, जाति उन्मूलन अधिनियम का निर्माण, न्यायपालिका में आरक्षण, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का क्रियान्वयन, संविधान पीठ, निर्वाचन आयोग में प्रतिनिधित्व देने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ सी प्रमोद सिंह, डॉ मिलन टेंभुरकर अमिताभ दुफारे, आनंद बंसोड़, सिद्धार्थ नागदेवे, मनीष बडोले, धीरसिंह सहारे, युवराज अंबादे, निर्भयदास चोखान्द्रे, दीपक साखरे, संदीप गजभिए, बादल वाल्दे, लालचंद खोबरागड़े, अनिल लांडगे, क्षितिज मेश्राम, पदमा मेश्राम, किरण मेश्राम, ललिता साखरे, माया सिगाड़े, रीना सहारे, प्रतिमा नारनवरे सहित अन्य मौजूद थे।

### पेंशनरों ने गरीब बच्चों को दिया शिक्षण सामग्री



**डोंगरगढ़।** तहसील पेंशनर्स एसोसिएशन ने नगर के आसपास स्थित 25 प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के ऐसे बच्चों जिनके माता या पिता नहीं है को बैग एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान किया है। बीईओ कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने की। विशेष अतिथि पार्षद अनीश निर्मलकर, रतन कोरसे, जितेंद्र कुमार थे। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, संरक्षक डीपी शर्मा, कंवलराम देवांगन, कोषाध्यक्ष इआर बघेल, हेमंत साहू, गोवर्धन राजपूत, रामनाथ, पूरन साहू, एमडी साहू, सुदर्शन सेन, श्रीमती कांडे, गोपी, मोहन साहू, सुजाता साहू, हीरालाल यादव, भागचंद चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। संचालन हेमंत साहू एवं आभार प्रदर्शन केएल अग्रवाल ने किया।

### नंबर प्लेट के नाम पर उगाही की शिकायत

**डोंगरगढ़।** वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कुछ कम्प्युटर संस्थान को नंबर प्लेट बदलने एजेंट नियुक्त किया गया है। इस व्यवस्था को कितना लाभ वाहन मालिक को मिल रहा है यह देखने वाला कोई नही है। कुछ संस्थानों में नंबर प्लेट लगाने के नाम से उगाही करने की शिकायत मिल रही है। एक माह पहले प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी कई वाहनों के नंबर प्लेट नहीं आए हैं। कई एजेंट न तो ग्राहक के फोन रिसीव कर रहे है और न समय पर दुकान खोलते है जिसके कारण वाहन मालिकों को चक्कर लगाना पड़ रहा है। नंबर प्लेट लगााने के नाम पर ग्राहको से 50 से 100 रूपए की वसूली की जा रही है।

### बिना अनुमति बिजली- पानी का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सेन समाजिक भवन का निर्माण इन दिनों चर्चा में है। जहां यह भवन बनाया जा रहा है वहां एक सार्वजनिक बोर है। इस बोर का बिजली कनेक्शन स्ट्रीट लाइट के खंभे से लिया गया है। भवन बना रहे ठेकेदार द्वारा कार्य के दौरान तार को काटकर बिजली का उपयोग किया जा रहा है। निवासियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा छड़ काटने सहित अन्य कार्यों के लिए बिजली का लगातार उपयोग किया जा रहा है। दिनभर बोर चालू रखकर पानी से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पानी का दुरूपयोग भी हो रहा है।

#### पालिका की अनदेखी

वार्ड वासियों ने बताया कि निर्माण के दौरान पालिका का कोई भी प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहता। भवन निर्माण का मापदंड सुनिश्चित नहीं है जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। पालिका अधिकारी और उपयंत्री ने एकबार भी मौका मुआयना नहीं किया है। नागरिकों ने जिलाधीश को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की है।

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है ताकि शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

## नेहरू महाविद्यालय में आयोजन

# शोध लेखन पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन, शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आरआर कोच के निर्देशन में 10 दिवसीय शोध पत्र लेखन एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 से 15 अक्टूबर तक आयोजित प्रशिक्षण का संचालन डॉ. नौशीन अंजुम एवं डॉ. गोकुल प्रसाद ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शोध लेखन की तकनीक एवं प्रस्तुतीकरण की बारीकियों से अवगत कराया। समापन अवसर पर प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया। प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. नौशीन अंजुम ने प्रशिक्षण की विषय-वस्तु एवं गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के छात्र नोकेश कुमार, उदय लाऊत्रे ने युवाओं पर मोबाइल का प्रभाव, दीपक जोशी, नीलकमल वर्मा ने छात्रों में समय प्रबंधन क्षमता, अंजली कामड़े- ललिता सिंहा ने युवाओं में जंक फूड का प्रभाव, ऊष्मा देवांगन, हिमानी एवं लोकेश्वरी ने ग्रामों में पशुपालन की समस्या, परमेश्वरी चेलक ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी, करीना डोंगरे ने जिले में पशुधन एवं पशु उत्पाद व्यवसाय का विकास, छबिधर साहू ने प्राचीन भारत में महिलाओं की स्थिति, करण मेश्राम ने शब्द का मोल, दीपिका वर्मा ने कैंसर कोशिकाओं पर आधुनिक शोध, लीना देवांगन ने रोग प्रतिरोधक शक्ति, स्टेफी जॉन ने ई कॉमर्स, देविका वर्मा ने आर्टिफिशियल एजेंसी के उपयोग, मुस्कान साहू ने शिक्षा में महिलाओं के समक्ष समस्याएं, वैदेही सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था पर आत्मनिर्भर भारत का प्रभाव, झामेश्वर कुमार ने प्लांट स्ट्रेस तथा गुंजा वर्मा ने केले के पौधों का पारिस्थितिकीय महत्व पर शोध पत्र प्रस्तुत किए।

#### प्रतिभागियों को शाबाशी

भनिर्णायक समिति में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, डॉ आशा चैधरी एवं एच आर पद्में थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के कार्य की सराहना की। प्राचार्य डॉ.रेवती ने कहा कि इस प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि और गंभीरता को बढ़ाया है। प्रशिक्षण के दौरान विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। पाँचवें दिन शोध में एआई टूल्स के सफल प्रयोग पर तूलिका चक्रवर्ती, भाषा त्रुटि ज्ञान पर डॉ नीता राजपूत तथा देवश्री एवं पुर्वेश बांधे ने व्याख्यान दिया।

# दिवाली के पहले स्कूल में सुवा नृत्य का प्रदर्शन



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के विद्यार्थियों ने सुआ नृत्य का प्रदर्शन किया। प्राचार्य आरके देवांगन ने इस लोक गीत और नृत्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नृत्य दीपावली पर सभी को बधाई देने के लिए किया जाता है। सुआ गीत में करुण, श्रृंगार तथा हास्य रस की प्रधानता होती है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने नृत्य और गीत का संपादन व निर्देशन के अलावा छात्राओं को अभ्यास कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में व्याख्याता हर्षा देवांगन, पवन सिन्हा ने सहयोग दिया।

#### तालियों की थाप पर थिरके विद्यार्थी

शाला में आयोजित सुआ नृत्य की विशेषता यह थी कि इसमें वाद्य यंत्र का उपयोग नहीं किया गया।तालियों की थाप पर गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। आयोजन में कक्षा 12 वीं की कुसुम, कुमकुम, अंजलि, रागनी, प्रियंका, नगमा, पारुल, प्रियंका , डिंपल, ट्विंकल एवं हस्ती ने हिस्सा लिया। इस दौरान व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, डीके मोहनमाला, लिखन सरपा, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव उपस्थित थे।

# धनतेरस को चमका बाजार



**डोंगरगढ़।** दिवाली के दो दिन पहले धनतेरस का बाजार गुलजार रहा। बाजार की सभी दुकानों में ग्राहक खरीदी करते नजर आये। लेकिन ज्वेलर्स, बर्तन, इलेक्ट्रिल्स और आटो मोबाईल की दुकानों में विशेष भीड़ देखने मिली। प्रातः 11 बजे से खरीदी का मुहुर्त होने के कारण लोगों की खासी भीड़ रही। इसी प्रकार शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक अच्छा व्यापार होने की जानकारी मिली है। युवराज मोटर्स के संचालक शम्मीसिंह भाटिया ने बताया कि धनतेरस के मुहुर्त पर वाहन खरीदने वालों को गिफ्ट दिया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ्केट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत विचारपुर में शहीद स्व. चतुर्भुज वर्मा की प्रतिमा का अनावरण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया।

### तोरणकट्टा में महालक्ष्मी स्थापना 20 को

**राजनांदगांव।** ग्राम तोरणकट्टा में आगामी 20 अक्टूबर को मां महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना धूमधाम से की जाएगी। आयोजन का संचालन नवयुवक मित्र मंडल तोरणकट्टा द्वारा किया जा रहा है। आयोजक समिति के सदस्य मुकेश कुमार साहू ने बताया कि मां लक्ष्मी की स्थापना एवं पूजा-अर्चना को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, मोंटू साहू, भूपेश साहू, भानु साहू, गोल्डी साहू और लिकेश साहू सहित अन्य सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस अवसर पर भव्य सजावट, पूजा-अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### शराब के साथ पकड़ाया



**डोंगरगढ़।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के मार्ग दर्शन में पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने चलाई जा रही मुहिम के तहत 15 अक्टूबर को मुरमुंदा से डोंगरगढ की ओर आ रही मोटर सायकल से 50 पौवा शेरा देशी मदिरा बरामद किया। पुलिस ने बाईक सवार रंजन निषाद पिता महेश निषाद निवासी मेढा, पप्पु निषाद पिता महराजी निषाद निवासी मालडोगरी के कब्जे से 50 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा, 7 नग बाम्बे गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब एवं मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 08 एन बी 2254 जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

### फकीरटोला में डांस स्पर्धा 20 को

**डोंगरगढ़।** फकीरटोला में गौरा गणेश उत्सव के तहत 20 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वहीं 22 अक्टूबर को गौरा गणेश का विसर्जन किया जाएगा। आयोजन के लिए गठित समिति के संरक्षक पुष्पेंद्र तिवारी, अध्यक्ष जयपाल यादव, उपाध्यक्ष रतिराम यादव, सचिव गुलाब ठाकुर, कोषाध्यक्ष चन्नू साहू और सदस्य नंदलाल साहू हैं।

### सरिता को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



**राजनांदगांव।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच के तत्वावधान में सरिता चौहान (व्याख्याता) शा.उ.मा.विद्यालय रेंगाकठेरा (बखत) में पदस्थ है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, खेल, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान, गरीब, निर्धन बच्चों को आर्थिक सहयोग देना, धार्मिक शिक्षा, समाजसेवा, वृक्षारोपण, देव मंदिरों में सहयोग जैसे रचनात्मक कार्य किया गया। वर्तमान में 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान शिक्षा कला अकादमी रायपुर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति व ग्रामवासियों द्वारा बधाई दी गई।

### कलेक्टर ने निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

# जल्द ही सियान गुड़ी की होगी स्थापना वरिष्ठ नागरिक कर सकेंगे समय व्यतीत

## वरिष्ठजनों के लिए होगा दूसरा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शुक्रवार को शहर के पुष्प वाटिका में प्रस्तावित सियान गुड़ी (डे केयर सेंटर) निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल्द ही सियान गुड़ी की स्थापना की जाएगी, जहां 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करेंगे। सियान गुड़ी केवल एक सुविधा केन्द्र नहीं बल्कि वरिष्ठजनों के लिए दूसरा घर होगा, जहां पर वरिष्ठजनों को स्नेह, सहयोग, देखभाल, मनोरंजन एवं आत्मीयता मिलेगी। यहां वरिष्ठजनों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर कार्य किया जाएगा। सियान गुड़ी ऐसा स्थल होगा, जहां वरिष्ठजन दिन में आकर न केवल सुरक्षित महसूस करेंगे, बल्कि जीवन को एक नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जिएंगे तथा शाम को अपने घर लौट जाएंगे।



### कई सेवाएं होगी उपलब्ध

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आनंद दायक डे केयर वातावरण उपलब्ध कराने सियान गुड़ी की की स्थापना की जाएगी। जिसका उद्देश्य विशेष रूप से अकेले और आश्रित वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाना है। सियान गुड़ी में मनोरंजन, सांस्कृतिक व सामुदायिक गतिविधियां, डिजिटल साक्षरता, योग-प्राणायाम और फिजियोथेरेपी व व्यायाम, स्वास्थ्य जांच, ध्यान और काउंसलिंग, मेमोरी क्लीनिक और कागनेटिव गेम्स, कानूनी एवं पारिवारिक परामर्श, सेंटर में संगीत, नाटक, पेंटिंग, कहानी-कविता पाठ सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध होगी। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ममता नगर और नवागांव वार्ड का किया निरीक्षण



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 18 ममता नगर और वार्ड क्रमांक 2 नवागांव का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ममता नगर में नाली की नियमित सफाई के निर्देश दिए। साथ ही एक स्थान पर फेंके गए कचरे को तत्काल साफ किए जाने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने वार्डवासियों से चर्चा कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखे जाने एवं स्वच्छता दीदियों को डोर-टू-डोर संग्रहण के दौरान दिए जाने हेतु प्रेरित किया। वार्ड क्र. 2 में नाली सफाई की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर किया, जिस पर उनके सामने ही सफाई प्रारंभ कराई गई। उन्होंने भविष्य में भी सप्ताह में 1 से 2 बार सफाई के लिए निर्देशित किया। जिसके 2 घंटे बाद ममता नगर स्थित मुक्कड़ पाईंट की सफाई का कार्य पूर्ण किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर तथा अन्य नगरीय निकायों में अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

# विश्व दृष्टि दिवस पर दृष्टि-संचेतक कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विश्व दृष्टि दिवस पर समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) में 9 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण दृष्टि-संचेतक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह समारोह उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट और साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त सहयोग से ठाकुटटोला सोमनी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएचओ नेतराम नवरत्न और सामाजिक कल्याण विभाग उप संचालक वैशाली मिडवार, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. सार्थक बाफना, उत्तमचंद जैन, अशोक मोदी, सुनीता शुक्ला, पूजा सोनी और डॉ. स्मिता महोबिया द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉ. पुखराज बाफना, वैशाली मिडवार और डॉ.सार्थक बाफना ने लोगों को संबोधित करते नेत्र स्वास्थ्य के महत्व और दृष्टिबाधा के उपचार एवं रोकथाम पर विस्तार से प्रकाश डाला। पंडवानी कार्यक्रम के माध्यम से दृष्टि देखभाल का संदेश दिया गया। जबकि डीएड (आईडीडी) और डीआईएसएलआई पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने नेत्र देखभाल पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त सुंदरा हाईस्कूल के छात्रों के बीच नेत्र देखभाल पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### सहायक उपकरणों का वितरण

सीआरसी ने चूनमुन मोहंती के समन्वय से जरूरतमंदों को एलएस बेल्ट्स, नी ब्रेस, वॉकिंग स्टिक और सिटिंग केन जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन फ़रीदा बेगम ने किया। रौशनी बकोड़े ने सांकेतिक भाषा अनुवादक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पेंदु जना, सुधात्मिका महंती, पुनीतराम साहू, भानुप्रताप साहू और मुक्ता साहू का विशेष योगदान रहा।

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विशाखाः महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का विषय है बेटियांः बदलाव की प्रेरणा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक मंच प्रदान करना है, जहां वे बेटियों की भूमिका, अधिकारों और सशक्तिकरण पर अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम की खास आकर्षण पोस्टर प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता रही। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने कन्या शिक्षा, भ्रुण हत्या, बाल विवाह व लैंगिक समानता जैसे विषयों पर अपने विचार और रचनात्मकता को प्रस्तुत किया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि 'जब एक बालिका को शिक्षा और अवसर मिलते हैं, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे समाज की दिशा बदल देती है। हमें बेटियों को सिर्फ आगे बढ़ने की आजादी ही नहीं, उनके साथ खड़े होकर उन्हें प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। सशक्त बेटी, सक्षम भारत की पहचान है।''



### सपनों को उड़ान देना सभी का दायित्व

संस्था के निदेशक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने कहा कि बेटियों का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया है। शिक्षा, सम्मान और समानता के माध्यम से जब बेटियों को समर्थ बनाया जाता है, तो वे परिवार, समाज और देश के विकास की दिशा तय करती है। उनके सपनों को उड़ान देना हम सभी का दायित्व है। यह कार्यक्रम और प्रतियोगिता छात्राओं को नेतृत्व, अभिव्यक्ति और जागरूकता का अवसर प्रदान करेगी।

### बालिकाएं पूरे राष्ट्र का भविष्य

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने कहा कि बालिकाएं केवल परिवार का नहीं, पूरे राष्ट्र का भविष्य है। हमें उन्हें अवसर देने होंगे, न कि रोकने की दीवारें खड़ी करनी होगी। एक शिक्षित और आत्मनिर्भर बालिका पूरे समाज को बदलने की क्षमता रखती है। कार्यक्रम में चंदन, अशोक, शांति, चुरामन, खिलेश्वरी, रूपाली, कल्याणी, सुष्मिता, मेहुल आदि छात्रों ने भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एड के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# जरूरतमंदों को मिले योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला



कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने 6 अक्टूबर को कलेक्टोरेट वीसी कक्ष में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, सीएमएचओ डॉ. विजय खोब्रागढ़े, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर प्रजापति ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान, वयवंदन, मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, निक्षय पोर्टल, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर प्रजापति ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वास्थ्य नारी, सशक्त अभियान के अंतर्गत हुए कार्यों एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य डोर-टू-डोर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बालिका स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते आश्रम एवं छात्रावासों में भी रक्त जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रजापति ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते सुपोषण पर बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के कुपोषण को दूर करने हेतु गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के सुपोषण पर फोकस करना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदन, महतारी वंदन योजना, पोषण स्तर, पोषण ट्रैकर एवं हमर स्वस्थ लाइका अभियान की प्रगति की क्रमशः समीक्षा की। उन्होंने विभागों को आपसी समन्वय कर महिलाओं, बच्चों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं से लाभांवित करने हेतु निर्देशित किए। प्रजापति ने पोर्टल में डाटा एंट्री के प्रगति पर की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने दोनों विभागों को विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट करने एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय कर रिपोर्टिंग करने एवं डाटा में सटीकता लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रजापति ने अधिकारियों को पोषण स्तर में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

## शंकरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 वर्ष से 70 वर्ष आयु के 174 वृद्धजनों का नेत्र जांच कर चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठजनों का बीपी, मधुमेह सहित अन्य जांच की गई। शिविर में पार्षद अपूर्वा श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, शहरी सुपरवाईजर कौशल किशोर शर्मा, डॉ. टिकेश केशरी, डॉ. असर अंसारी, नेत्र सहायक सुनील वर्मा, लोकेश सोनवानी, जयंत देशमुख, मिथलेश वर्मा एवं स्टॉफ व वार्डवासी उपस्थित थे।



### टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 23 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### युगांतर में राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन

# युगांतर में संगीत और नृत्य की इंद्रधनुषी छटा बिखरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य की अंतर्विद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन का आरंभ संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य मधुसूदन नायर की उपस्थिति में हुआ।

इस दो दिवसीय आयोजन का शनिवार को पहला दिन था। जिसमें राज्यभर की 12 स्कूलों ने भाग लिया। 175 विद्यार्थियों ने विविध वर्गों में अपनी संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता की शुरूआत माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। संगीत शिक्षिका लवली पॉल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संगीत और नृत्य विभाग का यह आयोजन राज्यभर की स्कूलों के भाग लेने से यादगार बन गया है। इसी तरह के विचार रखते विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि युगांतर 13-14 चौदह वर्ष पहले इस तरह का संगीत और नृत्य का विशाल आयोजन कर चुका है। 14 से 15 अक्टूबर तक आयोजित इस आयोजन में एकल गायन, सामूहिक गायन की लाइव सेमी क्लासिकल, लाइव सुगम, कराओ के फिल्मी गायन के वर्गों में विद्यार्थी अपनी प्रभावी गायन कला का प्रदर्शन कर इसे यादगार बनाएंगे। इसी तरह एकल तथा सामूहिक नृत्य में सेमी क्लासिकल और फिल्मी फ्री स्टाइल के विविध वर्गों में विद्यार्थी अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही बटोरेंगे।




### प्रतियोगिता का समापन आज

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा भी उपस्थित रहे। कल 15 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतियोगिता का समापन समारोह अपराह्न 3.30 बजे से डॉ. लवली शर्मा वाइस चांसलर इंदिरा कला और संगीत विश्वविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में रखा गया है। जिसमें प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



## सार समाचार

### लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दीपावली त्योहार के दृष्टिगत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्युत व्यवस्था की शिकायत के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण की भी बात कही है। चारों जिले के सभी उपसंभाग एवं वितरण केन्द्रों के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। साथ ही सतत व्यवस्था बनाए रखने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के संकेत भी उनके द्वारा दिए गए हैं। कार्यपालक निदेशक सेलट ने बताया कि त्योहार के इस सीजन में विभिन्न प्रकार के सजावट के कारण विद्युत लाईनों एवं उपकरणों में अतिरिक्त लोड की संभावना को देखते मेंटेंनेस टीम को अलर्ट पर रखा गया है। सभी विभागीय संभाग के अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने आवश्यक उपकरण आरक्षित रखने तथा विद्युत व्यवधान की स्थिति में संबंधित क्षेत्र में तत्काल पहुंचकर विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### दिग्विजय व शास.कॉलेज गंडई के मध्य एमओयू



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय महाविद्यालय गंडई के मध्य विभिन्न अकादमिक क्षेत्र, शोध, प्रोजेक्ट, स्टूडेंट्स, फैकल्टी एक्सचेंज आदि विषयों को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू) किया गया। दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता दिग्विजय कॉलेज एवं डॉ. डीपी कुर्रे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गंडई द्वारा एमओयू समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया।

डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि दोनों महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है, इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा अकादमिक क्षेत्रों को ध्यान में रखते यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों ही संस्थान अपने अलग-अलग शैक्षणिक संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एमओयू द्वारा एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। उक्त एमओयू में हस्ताक्षर के दौरान डॉ. सुमिता श्रीवास्तव, डॉ. महेश श्रीवास्तव, दीपक कुमार परगनिहा, विकास कांडे उपस्थित रहे।

### बिजली बिल से आम जनता एवं किसान परेशान



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपल्स बिजली के नाम से जाना जाता है। छग में बिजली उत्पादन से अन्य प्रदेशों को भी सप्लाई करते हुए, लेकिन वर्तमान में पुराना मीटर को विद्युत विभाग द्वारा जबर्दस्ती निकालकर स्मार्ट मीटर लगाकर 3 गुना बिजली बिल उपभोक्ता को भेज रहे हैं। जिससे आम जनता एवं किसान परेशान हैं। आए दिन बिजली कटौती भी किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने बताया कि एक तरफ प्रदेश सरकार महतारी वंदन योजना के तहत हजार रुपए महिलाओं को दे रहे हैं। दूसरी तरफ बिजली एवं शराब से वसूल रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा 400 यूनिट बिजली हाफ योजना लागू कर जनता को राहत प्रदान की थी। वर्तमान सरकार द्वारा पिछले सरकार की योजना को बंद कर बिजली में किसी प्रकार की राहत ना देकर अंधाधुंध बिजली बिल भेजकर जनता को परेशान कर रहे हैं।

### स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय अध्यक्ष एवं पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि दीपों का पर्व दीवाली न केवल प्रकाश का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे भीतर के अंधकार को दूर करने और सकारात्मकता फैलाने का भी संदेश देता है। इस पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और स्थानीय व्यापारियों व छोटे दुकानदारों से खरीदारी करें, ताकि उनके घरों में भी खुशियों के दीप जल सके। स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का यही सबसे सुंदर माध्यम है।

### वार्ड 39 में चला स्वच्छता अभियान




**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड क्र. 39 हीरामोती वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. रमन सिंह के "सेवा ही संगठन" के संदेश को सार्थक करते आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रवि सिन्हा, पारुल जैन, संजय चौरसिया, रितेश देवांगन, हिमांशु सोनवानी, राकेश ओटी, स्वच्छता दीदीगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### स्थानीय कारीगरों व व्यवसाय को दें बढ़ावा

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने भारतीय संस्कृति से जुड़े दीपोत्सव पर्व की बधाई देते नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य-यश-शांति स्नेह की कामना की है। उन्होंने कहा कि पर्व और उत्सव हमारे जीवन से जुडे ऐसे संस्कार है, जो मानव समाज को निरंतर कर्म पथ पर चलते रहने की शक्ति देते है। दीपावली में मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन, वैभव, सुख शांति मिलती है। महापौर यादव ने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता अपनाएं और स्वच्छता घरों तक ही सीमित न रहे, बल्कि अपने आसपास भी साफ-सफाई रखें। उन्होंने कहा कि इस दीप पर्व में पारंपरिक सजावट की वस्तुओं का उपयोग करें, हस्त निर्मित उत्पाद और स्थानीय कारीगरों के व्यवसाय को बढ़ावा दें। जिससे पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोग भी दीवाली मना सके। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले समेत सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, वर्षा शरद सिन्हा, केवरा विजय राय, डीलेश्वर प्रसाद साहू, श्रुती लोकेश जैन, संतोष साहू, मोहनीबाई, सेवकराम उइके तथा पार्षदों ने अपनी शुभकामनाएं दी।

## सुबह वार्ड भ्रमण के लिए निकले महापौर

# अण्डरब्रिज में भरे पानी की करें निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव सुबह स्टेशनपारा क्षेत्र का निरीक्षण कर त्योहार के पूर्व साफ-सफाई रखने, शिक्षक नगर में रोड-नाली के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश तकनीकी अधिकारी को दिए। अंडरब्रिज में पानी भरान देख निकासी कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

स्टेशनपारा क्षेत्र में साफ-सफाई देख महापौर श्री यादव ने कहा कि उक्त क्षेत्र सघन एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। जिसके कारण संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है।

जिसे ध्यान में रखकर सम्पूर्ण क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई किया जाए। आगामी दीवाली त्योहार को देखते स्टेशनपारा सहित शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नियमित रूप से कचरा उठाए, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गाड़ी में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डालने समझाईस दें, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करना सुनिश्चित करें। शिक्षक नगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रोड-नाली की मांग पर तकनीकी अधिकारी को प्राक्कलन तैयार करने निर्देशित किया। इस अवसर पर वार्डवासी व निगम का अमला उपस्थित था।



### अंडरब्रिज के कार्य प्रगति का लिया जायजा

महापौर यादव सुबह वार्ड भ्रमण में स्टेशनपारा पहुंचे। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह व पार्षद संदीप बघेल के साथ साफ-सफाई देख निर्माणाधीन अंडरब्रिज का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। ब्रिज में पानी भरने पर आसपास क्षेत्र में भी पानी भरने की शिकायत पर उन्होंने रेलवे के संबंधित अधिकारी से कहा कि ब्रिज से पानी निकासी की व्यवस्था करें, आसपास क्षेत्र में भी पानी भरने की शिकायत प्राप्त हो रही है। पानी भरने के कारण बच्चों को दुर्घटनाग्रस्त होने की भी संभावना है, जिसे ध्यान में रखकर प्राथमिकता से पानी निकासी की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्माण कार्य की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## 21 को पशु वध व विक्रय मार्केट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 21 अक्टूबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों से कहा है कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे। विक्रय करते पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है।

### रंगोली प्रतियोगिता आज

**राजनांदगांव।** नवीन विद्यार्थी मंडल बालगोविंद चौक राजनांदगांव द्वारा कल 19 अक्टूबर को शाम 6 से रात्रि 11 बजे तक भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न प्रतियोगी हर साल हिस्सा लेते आ रहे हैं। यह प्रतियोगिता बसंतपुर थाना और दुर्गा चौक के बीच ही संपन्न होती है। प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, ततीय एवं विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता दो वर्ग में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी नवीन विद्यार्थी मंडल बालगोविंद चौक राजनांदगांव के सचिव ने दी।

इधर ओसवाल लाइन में दीपावली पर्व के अवसर पर वक्रतुंड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कल 19 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में रितेश ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



तीन दिवसीय 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर महिला-पुरूष भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) प्रतियोगिता बलौदाबाजार अम्बेडकर भवन में 10 से 12 अक्टूबर तक संपन्न हुई। स्पर्धा के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजनांदगांव जय भवानी व्यायाम शाला स्टेडियम समिति की महिला वेट लिफ्टर टीम 2 स्वर्ण समेत 6 पदक जीतकर 12वीं बार ओवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्राफी अपने नाम किया। इसमें 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल है।

इसके अलावा राजनांदगांव के पुरूष वेटलिफ्टर रितेश यादव बेस्ट लिफ्टर ऑफ छग की ट्राफी जीतने में सफल रहा। बलौदाबाजार में अयोजित राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग स्पर्धा को नए वजन वर्ग के निम्नानुसार आयोजित किया गया। इसमें राजनांदगांव समेत कई जिलों की 120 महिला-पुरूष खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजनांदगांव के महिला टीम ने सार्वाधिक 192 अंक प्राप्त कर चैम्पियनशिप की ट्राफी जीती। एकल पुरूष वर्ग समूह में राजनांदगांव के वेटलिप्टर रितेश यादव ने 88 किलोग्राम वेट केटेगिरी में 391.43 अंक प्राप्त कर बेस्ट लिप्टर ऑफ जूनियर छग का खिताब जीता और अपने नाम किया।

अध्यक्ष आजमानी ने बताया कि इस 3 दिवसीय प्रतियोगिता बलौदाबाजार में आयोजित किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, बालोद, बस्तर, दुर्ग के अलावा 3 यूनिट सहित लगभग 120 खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर ने हिस्सा लिया।

इस स्पर्धा में महिला वर्ग में भूमिसिंग रूशना फरहींन स्वर्ण, खुशी रंगारी, मानसी यादव, अंशुल सोनवानी रजत पदक, जानवी साहू, मुस्कान यादव, साक्षी राजपूत कांस्य पदक। वहीं पुरूष वर्ग में रितेश यादव, रेहान खान स्वर्ण पदक, चंद्रेश साहू रजत पदक, ऋषि देवगंन, आर्दश जैम्स, आशू-मौलेस यादव, कुनाल वैष्णव 4थे एवं 5वें स्थान पर रहे। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## 22 को बालाजी मंदिर में महा अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पुराना गंज चौक स्थित श्री बालाजी मंदिर में आगामी 22 अक्टूबर को महा अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे से होगा। जिसमें शहर व आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**धार्मिक उत्सव का माहौल**

मंदिर परिसर को दीपों, फूलों और रंगोली से सजाया जाएगा। अन्नकूट प्रसाद के रूप में विभिन्न व्यंजनों का भोग श्री बालाजी महाराज को अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। दीपावली मिलन कार्यक्रम के दौरान भजन, आरती और हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। मंदिर के पुजारी हनुमान महाराज ने धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में पधारकर भगवान बालाजी के दर्शन करें और अन्नकूट प्रसाद का लाभ लें। अन्नकूट जैसे पर्व समाज में सामूहिकता, प्रेम और साझा संस्कृति का संदेश देते हैं। दीपावली मिलन से आपसी सौहार्द्र और एकता को बल मिलता है।

## अतिथि व्याख्यान व विभागीय परिषद का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान एवं राजनीति विज्ञान परिषद का उद्घाटन किया गया।

विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अंजना ठाकुर ने भारत में संसदीय शासन प्रणाली विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि संसदीय शासन प्रणाली वह प्रणाली है। जिसमें कार्यपालिका अपनी नीतियों और कार्यों के लिए विधायक के प्रति उत्तरदायी होती है। भारत का संविधान केंद्र और राज्य दोनों में संसदीय शासन प्रणाली का प्रावधान करता है। भारत में संसदीय शासन प्रणाली की व्यवस्था का विचार ब्रिटेन से लिया गया था। यह एक ऐसी शासन प्रणाली है, राष्ट्रपति



राज्य का प्रतिनिधित्व करता है। उक्त अवसर पर राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर परिषद का गठन भी किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी द्वारा गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न पदों पर मनोनित मेधावी छात्रों के नाम की घोषणा की गई। जिसमें एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा टिकेश्वरी देवांगन को अध्यक्ष, एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दिव्या साहू को उपाध्यक्ष, सहसचिव परमिला, कोषाध्यक्ष शुभम प्रजापति, आयोजन प्रभारी में शारदा यादव, आयुषी पांडे, कृतिका भारती, मेनिका कोठारी, प्रचार-प्रसार प्रभारी में विवेक वर्मा, रागिनी बोगा, तृषा, रेशमा यादव शामिल हैं।

नवीन पदाधिकारियों को बधाई देते विभाग के सहायक प्राध्यापक संजय सप्तर्षि ने कहा कि विभाग के आयोजनों में पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विभाग के दीपक कुमार ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी विभाग के लिए अत्यंक महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारती सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में डॉ. आरके बंजारे द्वारा अतिथि व्याख्यान हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. अंजना ठाकुर को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि उन्होंने बहुत ही व्यस्त दिनचर्या में भी हमें प्राथमिकता दी तथा वे व्याख्यान हेतु उपस्थित हुई।

## फुटबॉल में युगांतर-ए विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

युगांतर कॅप फुटबॉल टूर्नामेंट में लीग कम नाक आउट मुकाबले में युगांतर ए टीम ने वाइडनर मेमोरियल की टीम को 7-6 से हराकर युगांतर कॅप अपने नाम किया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। युगांतर की ओर से कृष्णा मेघानी ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते टीम की जीत की इबारत लिखी।

उक्त विद्यार्थी को पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के कारण प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। इसी तरह टूर्नामेंट के बेस्ट गोल कीपर का खिताब वंश पांडे को मिला। इस मैच के निर्णायक अखिलेश मिश्रा और करण अरोरा रहे।

मैच के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन नियमित समय-समय पर होते रहने चाहिए। ये विद्यार्थी को खिलाड़ी भावना के साथ अनुशासित जीवन का पाठ सिखलाते हैं। समारोह में टूर्नामेंट के बेस्ट डिफेंस, बेस्ट मिड फिल्डर, बेस्ट स्ट्राइकर को भी पुरस्कृत किया गया। जैसे ही युगांतर कॅप युगांतर ए टीम को प्रदान किया गया। वैसे टीम के सारे सदस्य उमंग तथा उल्लास से भर गए। इस टूर्नामेंट के आयोजन से फुटबॉल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर, वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेन्द्र तिवारी ने भी टीम को बधाई दी।

## स्कूली बच्चों को मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में दी जा रही जानकारी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर मलेरिया, डेंगू एवं विभिन्न वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में वाद-विवाद, चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं सहित अन्य जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेमोंटो प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जिला प्रबंधक शहरी कार्यक्रम पूजा मेश्राम, जिला मलेरिया सलाहकार संगीता पाण्डे, जिला सलाहकार एनटीसीपी निहारिका टोपनो द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी जा रही है।



## परिक्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में 15 अक्टूबर को परिक्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस (म./पु.) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में सात टीम शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, शा. महाविद्यालय खैरागढ़, शा. महाविद्यालय छुरिया, शा. महाविद्यालय गंडई, शा. आदर्श महाविद्यालय सोमनी एवं महिला वर्ग में छह टीम शा. विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, शा. महाविद्यालय गंडई, शा.नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शा.महाविद्यालय डोंगरगांव एवं शा. कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव ने भाग लिया।



प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयसिंग साहू ने छात्र-छात्राओं को खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते कहा कि टेबल टेनिस जैसे खेलों में भाग लेने से एकाग्रता बढ़ती है एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उक्त प्रतियोगिता में महिला वर्ग में विजेता शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं उपविजेता शा. कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव तथा पुरूष वर्ग में विजेता शा. आदर्श महाविद्यालय सोमनी एवं उपविजेता शा. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव रही। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रमन साहू एवं विकास कुमार थे।

उक्त प्रतियोगिता में क्रीड़ाधिकारी अरूण चौधरी, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, परेश वर्मा, अनिता पौसार्य, वरिष्ठ सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी पीके हरि, सहायक क्रीड़ाधिकारी रोशन साहू, खैरागढ़ के सहायक क्रीड़ाधिकारी टेकराम एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। उक्त प्रतियोगिता से चयनित छात्र-छात्राएं आगामी 5 नवंबर को शासकीय जे. योगानंदम छग महाविद्यालय रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त जानकारी महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने दी।



### बोनस के बाद बकाया व रिकवरी राशि 10 करोड़ से अधिक का किया गया भुगतान

# दीपावली से पहले गन्ना किसानों को मिली खुशियों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पंडरिया विधानसभा के गन्ना विक्रेता किसानों के लिए इस वर्ष की दीपावली दोगुनी खुशियां लेकर आई है। शनिवार को 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई, जिससे क्षेत्र के लगभग 7 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिला। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में पंडरिया विधानसभा की सक्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयासों एवं किसानों हितैषी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 17 अक्टूबर को प्रोत्साहन राशि के रूप में 5 करोड़ 98 लाख रुपए की राशि जारी की गई। वहीं शनिवार को दीपावली से पहले गन्ना विक्रेता किसानों को वर्ष 2024-25 का शेष मूल भुगतान की राशि रूपए 8 करोड़ 36 लाख जारी कर दी गई है, इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के अतिरिक्त रिकवरी राशि रूपए 1 करोड़ 65 लाख भी भुगतान हेतु बैंक को प्रेषित कर दिया गया है। शेष रिकवरी राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा।

क्षेत्र के गन्ना विक्रेता किसानों को मिली, इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने समस्त किसानों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा है किसानों के हित के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। हमारे अन्नदाताओं की दीपावली भी खुशियों भरी हो इसके लिए हम हमेशा तत्पर हैं। मैं समस्त किसान भाई-बहनों और पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। हर्षोल्लास और सुरक्षित रूप से आप सभी दीपावली मनाएं।

**गन्ना उत्पादक किसानों को कुल 15.99 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया**



कारखाना के प्रबंध संचालक यू के कौशिक ने बताया कि गन्ना किसानों को राज्य शासन से 2 दिवस पूर्व ही देय गन्ना प्रोत्साहन राशि तथा आज जारी मूल भुगतान एवं अतिरिक्त रिकवरी राशि सहित दीपावली त्यौहार के पूर्व क्षेत्र के गन्ना उत्पादक विक्रेता किसानों को कुल 15.99 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। किसानों को राशि भुगतान के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा था। उनके प्रयासों से ही दीपावली के पहले किसानों को खुशियों की सौगात मिली है। दीपावली के पहले किसानों को मिले इस उपहार से किसानों के चेहरों पर मुस्कान आई है। इस वर्ष की दीपावली क्षेत्र के गन्ना विक्रेता किसानों के लिए दुगुनी खुशियां लेकर आई है, जहां विधायक श्रीमती बोहरा की सक्रियता, किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता से आज उनके परिवार में नया उत्साह और उमंग आया है। किसान अब त्यौहार को और अधिक हर्षोल्लास से मना सकेंगे।

# कवर्धा में हनुमंत वाटिका का किया भव्य लोकार्पण

### ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार, हनुमान चालीसा पाठ, आरती व आतिशबाजी से गूंज उठा कवर्धा





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सौंदर्य और संस्कृति के संगम का अद्भुत दृश्य शनिवार की शाम कवर्धा में देखने को मिला, जब नगर के हृदय स्थल पर निर्मित हनुमंत वाटिका का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मणों के पवित्र वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ और भव्य भक्ति माहौल में भगवान श्री हनुमान जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पारंपरिक केसरिया परिधान में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ उपस्थित अतिथियों ने फीता काटकर वाटिका का लोकार्पण किया और श्रद्धा पूर्वक हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान हनुमान चालीसा में उपस्थित सभी जन समूह गहन भक्ति भाव में लीन हो गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा की हनुमंत वाटिका केवल एक पार्क नहीं, बल्कि यह कवर्धा की आस्था, संस्कृति और स्वच्छता का प्रतीक है। जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां आज श्रद्धा और सौंदर्य का संगम नजर आ रहा है। यह नगर के विकास और जन भावना दोनों का प्रतीक स्थल बनेगा।

लोकार्पण के बाद हनुमान जी की भव्य आरती संपन्न हुई। दीपों की लौ, शंखध्वनि और घंटियों की गूंज ने वातावरण को और भी भव्य और दिव्य बना दिया। जयघोष के साथ आसमान पर रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने आसमान को रौशन कर दिया, जिससे पूरा कवर्धा नगर उत्सवमय हो उठा। सौंदर्य और संस्कृति के संगम का प्रतीक हनुमंत वाटिका अब कवर्धा नगर का नया आकर्षण और गौरव बन चुकी है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु और नागरिक हनुमान भक्ति के साथ साथ स्वच्छ, सुंदर वातावरण का आनंद ले सकेंगे। हनुमंत वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजीव लोचन दास महराज ने धनेश चंद्रवंशी द्वारा परसवारा की मूर्ति का निर्माण किया गया। इस सुंदर चित्रकारी का श्रेय योगेश साहू को जाता है, जिन्होंने मूर्ति और आसपास की सजावट को जीवंत रंगों से सजाया। गार्डन के निर्माण और संपूर्ण कार्य को बलविंदर खुराना ने अपनी निगरानी में पूर्ण कराया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी को सम्मानित किया गया।

**राजीव लोचन दास महाराज के आर्शीवचन व हनुमान चालीसा पाठ से गूंजा वातावरण**

कार्यक्रम में राजीव लोचन महाराज ने अपने आर्शीवचन में कहा जहां हनुमान जी की भक्ति होती है, वहां से सदैव शक्ति, शांति और सेवा का संदेश प्रवाहित होता है। उनके सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु एक स्वर में जय हनुमान ज्ञान गुन सागर का पाठ करते हुए भक्ति में लीन हो गए। आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत इस आयोजन में पूरा परिसर जय बजरंग बली के जयघोष से गूंज उठा।

**खबर संक्षेप**

### एक पेड़ मां के नाम पर 25 छायादार व फलदार पौधरोपण किया



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशन में महावृक्षारोपण अभियान अंतर्गत विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत बदराडीह स्थित मिनी स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य रूप से कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंग पटेल, आत्मादास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष भगवती मुकेश पटेल, सरपंच शंकर सोनवानी, पूर्व महामंत्री बलीराम पटेल, बूथ अध्यक्ष फिरंगी पटेल, अशोक पटेल व ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

# हाई स्कूल बेंदरची में 42 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण की गई



- सायकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आचार्य पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब शासकीय हाई स्कूल बेंदरची में बालिकाओ को निःशुल्क सायकिल का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत हाई स्कूल बेंदरची के कक्षा 9 वी के 42 छात्राओं को धनतेरस पर्व पर निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया। इस सायकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बालिका शिक्षा पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ हाई स्कूल बेंदरची में सायकिल स्टैंड के लिए घोषणा भी किया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा संबंधित शासन के महत्वपूर्ण योजना की जानकारी दिया।

इस बीच विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, जनपद पंचायत बोड़ला अध्यक्ष जनप्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद पंचायत बोड़ला उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, समाज सेवी भगत पटेल, पूर्व भाजपा भोरमदेव मंडल अध्यक्ष गुलाब साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष हरिराम साहू, युवा मोर्चा भाजपा उपाध्यक्ष रम्हन साहू, ग्राम पंचायत बेंदरची, जैतपुरी एवं चिमरा के सरपंच सुखदास पटेल, चैन धुर्वे एवं बीसे भारती,लालपुर सोसायटी अध्यक्ष तिरिथ पटेल, पूर्व सरपंच संजय पटेल जी , पंच हीरालाल साहू, रोहित यादव, गोपाल साहू, प्रभारी प्राचार्या कमलेश्वरी ठाकुर सहित शिक्षक गण एवं विद्यालय समिति के सदस्य गण उपस्थित थें।

# क्षेत्र में धनतेरस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, बसनी, घोरपेंड्री, दामापुर, कंझेटा, मोहतरा कला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धनतेरस पर्व बड़ी धूमधाम से विधि विधान से मां लक्ष्मी नारायण की पूजा करते हुए मनाया गया और अपने घर परिवार में सुख शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना किया गया। धनतेरस पर्व के बारे में शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। जिस तिथि को भगवान धन्वंतरि समुद्र से निकले, वह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। भगवान धन्वंतरि समुद्र से कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। भगवान धन्वंतरि को विष्णु भगवान का अंश माना जाता है और इन्होंने ही पूरी दुनिया में चिकित्सा विज्ञान का प्रचार और प्रसार किया। भगवान धन्वंतरि के बाद माता लक्ष्मी दो दिन बाद समुद्र से निकली थीं, इसलिए उस दिन दीपावली का पर्व मनाया जाता है। इनकी पूजा-अर्चना करने से आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है। धनतेरस की पौराणिक कथा एक बार मृत्यु के देवता यमराज ने यमदूतों से प्रश्न किया कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में तुमको कभी किसी पर दया आती है। यमदूतों ने कहा कि नहीं महाराज, हम तो केवल आपके दिए हुए निर्देशो का पालन करते हैं। फिर यमराज ने कहा कि बेझिझक होकर बताओं कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में दया आई है। तब एक यमदूत ने कहा कि एक बार ऐसी घटना हुई है, जिसको देखकर हृदय पसीज गया। एक दिन हंस नाम का राजा शिकार पर गया था और वह जंगल के रास्ते में भटक गया था और भटकते-भटकते दूसरे राजा की सीमा पर चला गया। वहां एक हेमा नाम का शासक था, उसने पड़ोस के राजा का आदर-सत्कार किया। उसी दिन राजा की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म भी दिया। यमदूतों ने पूछा कि ऐसा कोई उपाय है, जिससे अकाल मृत्यु से बचा जा सके। तब यमराज ने कहा कि धनतेरस के दिन विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना और दीपदान करने से अकाल मृत्यु नहीं होती। इसी घटना की वजह से धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है और दीपदान किया जाता है।

# पंडरिया बीईओ की पहल से स्कूलों में ओपन लाइब्रेरी प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में ओपन लाइब्रेरी शुरू किया गया। जिस पर प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य में इस अनोखी नवाचार की शुरुआत विकासखंड पंडरिया के स्कूलों में की गई है, ओपन लाइब्रेरी में स्कूल के बच्चे स्वयं से आलमारियों में रखी गई, अपने मनपसंद की पुस्तकों को निकलते है और पुस्तक वितरण पंजी में अपना नाम, पुस्तक का नाम, कक्षा व पुस्तक पढ़ने की अवधि को दर्ज करते है व पुस्तके पढ़ने के बाद स्वतः ही जमा कर देते है। इससे शिक्षकों को पुस्तक वितरण में लगने वाला समय की बचत व इससे बच्चे स्कूल में खाली कालखंडों में पुस्तके पढ़कर समय का सही उपयोग करे साथ ही शैक्षणिक ज्ञान बढ़ रहा है एवं बच्चों में पुस्तके पढ़ने की आदत व रुचि जागृत हो रही है, बच्चे स्कूल में तो खाली समय में पढ़ ही रहे साथ ही पुस्तकों को पढ़ने साप्ताहिक घर ले जा रहे है, जिससे लाभ ये हो रहा कि मोबाइल स्क्रीन के बजाय ज्यादातर समय पुस्तकों को दे रहे। इससे आज की परिवेश में बच्चे मोबाइल और गेम खेलने की लत से दूर हो रहे है। स्कूल में ओपन लाइब्रेरी की शुरुआत करने से पुस्तकों का बेहतर रख रखाव और बंद पढ़े शिक्षण सामग्रियों का सदुपयोग हो रहा है।



### रखिया की फसल परिपक्व होकर तैयार, बाजार व गांव-गांव बेचने पहुंच रहे व्यापारी



बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नाऊडीह के ग्रामीण किसान नकुल वर्मा ने 5 एकड़ खेतों में और सिंघनपुरी-जरती निवासी ग्रामीण किसानों द्वारा बरसात के समय केले के फसल के साथ रखिया की फसल खेती-किसानी कार्य की गई जो कि वर्तमान में अच्छी पैदावार तथा परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं। जिसे तोड़कर बाजार और गांव-गांव में बेचने पहुंच रहे है। जिस पर सिंघनपुरी, राम्हेपुर, चंदनपुर सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा रखिया की जमकर खरीद किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस दिनों रखिया की 10 रूपए प्रति किलोग्राम में किसान व व्यापारियों को बेच रहे हैं, जिसे ग्रामीण जन जमकर खरीददारी कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण किसानों को भारी लाभ व रखिया व केले फसल की अच्छी आमदानी व मिल रही है साथ ही किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत भी हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में रखिया का विशेष महत्व होता है, रखिया को देशी बड़ी के रूप में प्रयोग किया जाता है, जो डिलीवरी महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार होता है, वही दूसरे तरफ रखिया से रखिया-पाख मिठाई बनाया जाता है। ग्रामीण किसान नकुल वर्मा ने बताया रखिया को एक नग खरीदी नहीं जाता है, रखिया को जोड़ी खरीदा जाता है, जिसे बड़ी तैयार किया जाता है, यह विशेष महत्व होता है।

### विधायक भावना के प्रयास से रेंगाबोड़ में नवीन उपार्जन केंद्र की मिली सौगात



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयास से ग्राम रेंगाबोड़ को नवीन उपार्जन केंद्र की सौगात मिली। ग्राम रेंगाबोड़ में नवीन उपार्जन केंद्र खोलने की सूची जारी राज्य शासन ने की है, पंजीयक सहकारी संस्था छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव से जिला कबीरधाम के 90 सोसायटियों का पुनःगठन कर 48 नवीन सोसायटियों का गठन का प्रस्ताव किया गया, जिसके लिए विभाग द्वारा जिला कबीरधाम के समितियों के गठन हेतु अधिसूचना जारी कर दिया गया है। वही पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम महली सेवा सहकारी समिति से पृथक कर ग्राम रेंगाबोड़ में नवीन उपार्जन केंद्र का गठन किया गया है, नवीन उपार्जन केंद्र में ग्राम अखरा, खम्हरिया, गुंझेटा, बनिया, कुबा, कोशली और रेंगाबोड़ के कृषक अपना धान बिक्री कर सकेंगे। रेंगाबोड़ में नवीन उपार्जन केंद्र खोलने से क्षेत्र के किसानों को सुविधा मिलेगी। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि रेंगाबोड़ में नवीन उपार्जन केंद्र खोलने से क्षेत्र की किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा होगी कृषक बंधुओं को आर्थिक एवं मानसिक व शारीरिक लाभ होगा उन्होंने कहा हमारी भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है किसान हित में कार्य कर रही। उन्होने ने कहा दीपावली के अवसर पर किसानों को उपहार देते हुए लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया के द्वारा 5 करोड़ 98 लाख रुपए किसानों को प्रोत्साहन राशि प्रदत्त की गई तथा ग्राम रेंगाबोड़ मां नवीन धान खरीदी केंद्र की सौगात मिलने पर जिला मंत्री भाजपा ओम यदु, सुरेश दुबे मण्डल अध्यक्ष, बालमुकुंद चंद्रवंशी सोसायटी अध्यक्ष, रामकुमार चंद्राकर महामंत्री, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, विकास पाण्डेय, महेंद्र धृतलहरे, अमन खनूजा, सूरज यादव सहित कुण्डा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महामंत्री मनहरण साहू ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया प्रतियोगिता का प्रारंभ

# अमली-मालगी में क्रिकेट मैच का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम अमली-मालगी में प्रीमियर लींग क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। इस क्षेत्रीय प्रीमियर लींग क्रिकेट मैच का प्रतियोगिता का शुभारंभ महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा मनहरण साहू व सरपंच प्रतिनिधि के कर-कमलों से किया गया। अमली-मालगी में धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज के पावन अवसर पर ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के मनोरंजन हेतु प्रीमियर लींग क्रिकेट मैच का आयोजन रखा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम पश्चात महामंत्री मनहरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासी व जिलेवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज की अग्रिम बधाई तथा खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होने कहा कि दर्शकों को अपनी टीमो पर भरोसा और उनका प्यार खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है, श्री साहू ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा आपके समय और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में से प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपए श्रीमती निरसिया-मनहरण साहू द्वारा द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रूपए द्वारा राजेंद्र प्रसाद तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए शेखर सिंगरौल द्वारा साथ ही साथ मैंन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमैन व बेस्ट फील्डर के लिए पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनहरण साहू, शेखर सिंगरौल, प्रकाश साहू, बिसेन राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं प्रतिभागी उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सौगात:** किसान रेस्ट हाउस, सीसी रोड, नाली, 11.09 करोड़ की बोनस राशि तथा रियायती दर पर शक्कर की मिली सौगात

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली पर गन्ना किसानों को दी ऐतिहासिक सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली पर्व को गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक बनाते हुए आज भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना परिसर में 30 लाख रुपए की लागत से बने आधुनिक किसान रेस्ट हाउस बलराम सदन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस रेस्ट हाउस में सुविधा केंद्र में किसानों के ठहराव, विश्राम और आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। दीपावली पर धनतेरस में सौगातों की झड़ी लगाते हुए उप मुख्यमंत्री ने पेराई सत्र 2024–25 के गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 11.09 करोड़ रुपये का बोनस राशि का चेक प्रदान किया, जिससे किसानों को आर्थिक बल मिला। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शेयरधारक गन्ना उत्पादक किसानों को रियायती दर 30 रुपए में 50 किलो शक्कर वितरित कर त्यौहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने पंडरिया में किसान सदन, 5 लाख का सीसी रोड और 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से नाली निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतत रूप से कार्य कर रही है। किसानों की आर्थिक उन्नति एवं समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्रदेश के खेत खलिहानों में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार बढ़ रहे गन्ना उत्पादन को देखते हुए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना की पेराई क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है, जिससे किसानों को और बेहतर सुविधा तथा मूल्य प्राप्त हो सके। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी रियायती दर पर शेयर धारक गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर वितरण का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि इस सदन का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी सुविधाओं का लाभ लें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निकटवर्ती ग्रामों से गन्ना लाने-ले जाने हेतु जिन ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, उनकी मरम्मत के लिए स्वीकृति जारी हो चुकी है। कारखाना तक पहुंचने वाली सभी प्रमुख सड़कों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि परिवहन में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने नक्सल उन्मूलन का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ इच्छा-शक्ति के परिणामस्वरूप बस्तर क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में लगातार चलाए जा रहे समन्वित सुरक्षा एवं विकास अभियान ने अब बड़े परिणाम देना शुरू कर दिया है। केवल एक ही दिन में 210 नक्सली हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटे हैं, जो छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता और विकास यात्रा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व में आने वाले समय में समूचे बस्तर को न केवल पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाया जाएगा, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के विकास का प्रमुख ऐतिहासिक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ शांति, विकास और समृद्धि एक साथ आगे बढ़ेंगे। बलराम सदन किसान रेस्ट हाउस बनने से किसानों को सुविधा मिलेगी। वर्षों से ग्रामीण अंचलों से गन्ना बेचने के लिए कारखाना पहुंचने वाले किसानों की एक प्रमुख समस्या थी कि लंबी प्रतीक्षा के दौरान उनके बैठने व विश्राम के लिए कोई समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। बारिश हो या तेज धूप किसान खुले आसमान के नीचे ही घंटों तक प्रतीक्षा करने को विवश होते थे। किसानों की इसी वर्षों पुरानी मांग का समाधान करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज इसे साकार रूप प्रदान किया।



### अब तक कुल 126 करोड़ 53 लाख रुपये का भुगतान

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पेराई सीजन वर्ष 2024-25 में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को अब तक कुल 126 करोड़ 53 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर मई 2025 में 87.65 करोड़ रुपये, तथा जुलाई में 27.79 करोड़ रुपये रिकवरी भुगतान के रूप में किसानों के खातों में अंतरित किए गए। इसके अतिरिक्त दीपावली पूर्व 11.09 करोड़ रुपये का बोनस भी किसानों को प्रदान किया जा चुका है। कारखाना क्षेत्र में कुल 11,763 किसान गन्ना आपूर्ति करते हैं तथा इस वर्ष कुल 2,78,177 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई संपन्न हुई है।



## सुख-समृद्धि की कामना के साथ कवर्धा नगर सहित अंचल में विराजी मां लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा तथा क्षेत्र की परम्परा के अनुसार धनतेरस के रोज नगर के विभिन्न चौक चौहारों से लेकर ग्रामीण अंचलों में मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमाएं स्थापित की गई।

उल्लेखनीय है कि वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए नगरवासी दीपावली के मौके पर अपने-अपने क्षेत्रों में आकर्षक पण्डाल बनाकर सुख समृद्धि की कामना के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करते है। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर के दर्री पारा, राधाकृष्ण वार्ड, नामदेव पारा, कचहरी पारा, यूनियन चौक, ठाकुर पारा सहित विभिन्न स्थानों पर पण्डाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। धनतेरस के रोज स्थापित इन प्रतिमाओं का दीपावली के दूसरे रोज हवन पूजन के बाद शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन किया जायेगा। यहां बताना लाजमी होगा कि जिस तरह गणेश चतुर्थी, नवरात्र तथा विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न समीतियों द्वारा भगवान गणेश मां दुर्गा तथा भगवाना विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं वहीं बीते कुछ वर्षो से कई लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा भी धनतेरस पर बकायदा पण्डाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाने लगी है।

नगर में तीन दिनो तक चलने वाले इस लक्ष्मी उत्सव को लेकर करीब दर्जन भर से अधिक स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

## खबर संक्षेप

### कच्ची शराब बेंचते एक महिला गिरफ्तार

**कवर्धा।** आबकारी वृत्त पंडरिया क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान 3 स्थानों पर जांच की गई। एक प्रकरण में कच्ची महुआ शराब बेचते महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं टीम ने 10 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है और 20 किलो ग्राम महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया। जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुनगाडीह (थाना कुकदूर) में तीरधबाई पति समयलाल धुर्वे अवैध तरीके से कान्मी महुआ शराव बेच रही है। सूचना पर दबिश देते हुए टीम ने आरोपी के मकान की तलाशी ली, जहां से अवैध कच्ची शराब और महुआ लाहन बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आक्कारी अधिनियम 1915 (संशोधित) को धारा 34(1) (क) (च), 34(2) 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया है।ख्शी के नेतृत्व में की गई।

### सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन 30 तक

**कवर्धा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा। जिले के इच्छुक विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक तय की गई है।

## धनतेरस पर लोगों ने खरीदी नेंग की चीजें

### व्यापारियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा व्यापार, सोना से लोगों ने बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



धनतेरस के दिन सराफा और बर्तन बाजार में लोगों ने जमकर खरीददारी की। बहुतेरे ग्राहकों ने चांदी के सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां, कांसे के बर्तनों जैसी नेंग की चीजें खरीदी। हांलाकि अपेक्षाकृत लम्बा चौड़ा कारोबार देखने को नहीं मिला। दूसरी तरफ कपड़ा बाजार में भारी रौनक देखने को मिली। स्थानीय सराफा बाजार में धनतेरस की रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी गई। सराफा बाजार के दर्जन भर दुकानों में अपरान्ह से देहातों के ग्राहकों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका था। यह शाम तक चलते रहा। सराफा सूत्रों के मुताबिक दीवाली के धनतेरस में शुभ माने जाने वाले, चांदी के सिक्के लक्ष्मी जी की मूर्तियां जैसी पूजा पाठ व नेंग की वस्तुएं ज्यादा खरीदी गई। चांदी के जेवरातों में पायल, लच्छे आदि ऐसे लोगों द्वारा खरीदे गए जिनके पास खींचतान के बाद अतिरिक्त पैसे बचे थे। नगर के सराफा विक्रेताओं ने बताया खेती किसानी के कामों के कारण सराफा बाजार आशा के विपरीत लड़खड़ाया हुआ है। सोने के भारी भरकम दामों के चलते इसकी खरीदी नाम मात्र की हुई है। दूसरी ओर पहले जैसे शासकीय अफसरों व कर्मचारियों के परिवार माह के अंत में दीपावली पड़ने के कारण सराफा बाजार में देखने को नहीं मिले। स्थानीय नागरिक व छोटे मोटे व्यापारी रात को खरीदी में निकले हैं। आज सराफा बाजार में लम्बा चौड़ा दीवाली का कारोबार देखने को नहीं मिला। धान और गन्ना की सरकारी खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही दीपावली का पर्व होने के कारण ग्रामीण स्तरीय ग्राहकों ने भी खुलकर पैसा खर्च नहीं किया। यही नजारा बर्तन बाजार में देखने को मिला। बर्तन की दुकानों में एक दम जरूरी व शुभ माने जाने वाले कांसे के बर्तनों को खरीदी हुई। इसके अलावा धातु के पूजन पात्रों की खरीदी हुई। बर्तन बाजार का भी व्यवसाय औसतन डगमगाया हुआ दिखाई दिया।

## नवरंगपुर में काली उत्सव 21 से 31 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

समीपस्थ ग्राम नवरंगपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर 21 अक्टूबर से काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा है। इस अवसर पर भव्य जसगीत प्रतियोगिता का भी किया जायेगा। इस संबंध में मां काली महोत्सव समीति के अध्यक्ष श्याम कुमारलोनियां ने बताया कि अंचल में करीब 33 वर्षो से आयोजित हो रहे नवरंगपुर के काली महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत जहां 21 अक्टूबर को मां काली की स्थापना की जायेगी। वहीं जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिला-पुरूष मण्डली हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि जस गीत प्रतियोगिता में पुरूष विजेता टोली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15001 रूपए, द्वितीय पुरूकार 7001 रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 3101 रूपए दी जायेगी। इसी प्रकार महिला मण्डल की प्रथम विजेता को 12001 रूपए, द्वितीय विजेता को 5001 रूपए तथा तृतीय विजेता को 3101 रूपए व शील्ड दिया जायेगा। समिति द्वारा झांकी के लिए भी ईनाम की घोषणा की गई है। जिसके तहत प्रथम पुरस्कार के रूप में 15001 रूपए, द्वितीय पुरूकार 7001 रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 3101 रूपए दी जायेगी उल्लेखनीय है कि समीपस्थ ग्राम नवरंगपुर को अंचल में संगीत प्रेमी गांव के रूप में जाना जाता है। यहां के लोग धर्मप्रेमी तो हैं ही संगीत के क्षेत्र में भी काफी रूचि रखते हैं। इस गांव में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के बहाने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत के अलावा लोक संगीत से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होते रहता है। यहीं वजह है कि बीते 33 वर्षा से यहां मां काली उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

## बिहान स्वदेशी बाजार बना आकर्षण का केन्द्र



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बिहान स्वदेशी बाजार शहर के वीर सावरकर भवन में लगाया गया है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संदेश देते हुए स्थानीय स्तर पर उत्पादित विभिन्न आकर्षक सामग्रियों का स्टाल प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए भी उपलब्ध है। वीर सावरकर भवन में लगे स्वदेशी बाजार का आज अंतिम व आखिरी दिन है। तीन दिवसीय बाजार में महिला समूह के सदस्यों द्वारा बनाए गए विभिन्न सामग्रियां ने शहर वासियों को बहुत आकर्षित किया है और यही कारण है की 2 दिनो में 30000 से अधिक के सामानों की बिक्री हो गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित 16 अक्टूबर से चल रहे स्वदेशी बाजार का समापन 18 अक्टूबर देर शाम को होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बिहान अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी वस्तुओं जैसे मिट्टी की मुर्ति, दीया, बांस से बने सामाग्री, आचार, पापड़ बड़ी, पापड़, हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाले, नमकीन, कुकीज, ऑर्गेनिक गुड़, कोदो-कुटकी, ब्लैक राईस इत्यादि का प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टॉल लगा है। आगामी दिनों में दीपोत्सव को देखते हुए समूह द्वारा बनाए गए रंगारंग दिए मूर्तियां एवं खाद्य पदार्थों का गिफ्ट हैंपर लोगों को बहुत पसंद आ रहा है और महिला समूह द्वारा बनाए गए इन सभी वस्तुओं को बहुत ही कम दरों पर विक्रय किया जा रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने के लिए गरमा-गरम चिला चौसेला साबूदाना का बड़ा वा अन्य खाद्य पदार्थ बहुत ही कम दर पर लोगों के लिए उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि स्वदेशी बाजार का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय स्तर पर बनाये गय वस्तुओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इसके उपयोग को बढ़ावा देना है।

## श्री सिद्धपुर नवागांव पाण्डातराई में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



आयोजक श्रीमती दीपाजंलि पाठक, श्रीमती वर्षा परितोष पाठक श्रीमती विमा नंदीघोष पाठक, श्रीमती सोमी सुघोष पाठक, श्रीमती प्रियंका सोमेश पाठक द्वारा श्री सिद्धपुर नवागांव पाण्डातराई में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह एवं वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जा रहा है। 22 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा व्यास के रूप में नरसिम्हा गोस्वामी महाराज सेवाधिकारी श्री राधारमण मंदिर वृन्दावन, मथुरा उत्तर प्रदेश होंगे। जो प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से हरि इच्छा तक भागवत कथा का श्रवण पान श्रोताओं को करांएगे। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत 22 अक्टूबर को जलयात्रा, वेदीपूजन, गोकर्णोपाख्यान, परीक्षित जन्म, वराहावतार, 23 अक्टूबर को मनुवंश वर्णन, ध्रुव कया, कपिल उपाख्यान, सती चरित्र, 24 अक्टूबर को भरत चरित्र अजानिलोपाख्यान, भक्त प्रहलाद की कथा, 25 अक्टूबर को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामनावतार, राम कया, श्री कृष्णा प्रकटोत्सव, 26 अक्टूबर को बाल लीला, श्री मिहीराज पूजन, रास लीला, श्री रूकमणी मंगल, 27 अक्टूबर को लगवान के अन्यान, विवाह, प्रद्युम्न जन्म, सुदामा चरित्र, 28 अक्टूबर को नवयोनेश्वर संवाद, अवधूतोपाख्यान, परीक्षित मोक्ष चढ़ोत्री, 29 अक्टूबर का गीता पाठ श्री विष्णु सहस्त्र नाम, हवन, कपिल, तर्पण, पूर्णाहुति तथा 30 अक्टूबर को वार्षिक श्राद्ध, शाति भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की तैयारियां की जा रही है।

## अध्यक्ष शर्मा ने किया निरीक्षण, पारदर्शिता पर जोर



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने गत दिनो जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम से संबंधित विभागों खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम-छात्रावासों को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न की पात्रताओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी तंत्र पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आयोग के अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार हितग्राहियों को सुनिश्चित रूप से प्राप्त हो, इसके लिए विभागीय अधिकारी पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर आयोग के सदस्य सचिव राजीव जायसवाल एवं खाद्य निज सचिव डॉ. सूरज दुबे, खाद अधिकारी सचिन मरकाम, सहायक आयुक्त एलपी पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा सहित अधिकारी, खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे। बैठक से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्रों, छात्रावासों, स्कूलों एवं राशन दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान अमीन माता महिला स्व-सहायता समूह घोंघा, आंगनवाड़ी केंद्र बोड़ला, कस्तूरबा गांधी माध्यमिक बालिका विद्यालय बोड़ला तथा आदिवासी बालक आश्रम (प्राथमिक) बोड़ला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्र बोड़ला में दर्ज बच्चों की संख्या देखकर संतोष व्यक्त किया तथा सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन को निर्देश दिए।

### दुकानों में भीड़, बच्चों को भा रही फूलझरी

## दीपावली को धमाकेदार बनाने नगर में सजा पटाखों का बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।



दीपावली पर्व को आतिशी धमाकों से सराबोर करने के लिए स्थानीय सरदार पटेल मैदान में पटाखों की दुकानें सज गई हैं। जहां दीप पर्व को जगमग करने और धमाकेदार बनाने इस बार देशी पारम्परिक तथा अत्याधुनिक पटाखों की दर्जनो वेरायटी सजाई गई है। जहां पटाखों की खरीदी भी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि दीप पर्व में एक दो दिन पूर्व यहां ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखने को मिलेगी। जानकारी के मुताबिक यहां बड़ी संख्या में पटाखा व्यवसायियों ने नगरवासियों की दीवाली रंगीन और धमाकेदार बनाने अपनी दुकानों में पटाखों की आधुनिक वेरायटी सजाई है। इन दुकानों में दीपावली में चलाए जाने वाले पारम्परिक पटाखों के अलावा आधुनिक पटाखे की अच्छी खासी वेरायटी उपलब्ध है। पटाखा विक्रेताओं ने बताया कि इस वर्ष देशी पटाखों के साथ ही आधुनिक पटाके भी रखे गए है। इन पटाखों में एक आवाज से लेकर 160 आवाज तक पटाखा उपलब्ध कराया गया है। जिसकी कीमत 10 रूपए से 1000 रूपए तक रखी गई है। इसी प्रकार चकरी, बटर फ्लावर, सर्च लाईट, माचिस, मल्टी कलर अनार, बंदूक आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है जो बच्चों को खासी पसंद है। विक्रेताओं ने बताया कि परम्परागत पटाखों में चकरी 10 रूपए से 50 रूपए तक, अनारदाना 10 रूपए से 50 रूपए तक, फुलझड़ी 20 रूपए से 100 रूपए तक, फैंसी बम 100 रूपए से 125 रूपए, फैंसी एटमबम 20 रूपए नग से 100 रूपए नग, ऊपर फटने वाली लंगूरी पटाखे 25 रूपए नगर से 250 रूपए नग, 100 नग से 1000 नग वाली पटाखे की लड़ 100 रूपए से 1000 हजार रूपए तक बेंची जा रही है। इसके अलावा पटाखा दुकानों में रंगीन माचिस 10 रूपए से 20 रूपए तक, लाल पटाखे 20 रूपए नग से 100 रूपए पैकेट तथा 7 आवाज वाला पटाखा 50 रूपए प्रतिनग की दर से बेचा जा रहा है।

## राजानवागांव में 104 बालिकाओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजा नवागांव में 104 बालिकाओं को निः शुल्क साइकिल वितरित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नितेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जिला भाजपा, लोकचंद साहू सदस्य प्रतिनिधि जिला पंचायत, नंद श्रीवास उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला, भगत साहब, महेंद्र राय सरपंच, गौरी शंकर बंजारे, हरि साहू अध्यक्ष शासकीय हाई स्कूल बेदरची ज्ञानी पटेल अध्यक्ष राजा नवागांव, जलेश पटेल, प्रताप पटेल, इत्यादि की उपस्थिति में छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ प्राचार्य सुजीत कुमार गुप्ता द्वारा सरस्वती साइकिल योजना से बढ़ती छात्राओं की संख्या की जानकारी देते हुए किया गया। नितेश अग्रवाल ने छात्रों को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। लोकचंद साहू ने शिक्षा के साथ संस्कारों को अपनाने की बात कही। जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने बालिकाओं को शुभकामना देते हुए समय पर विद्यालय पहुंचने एवं अपने लक्ष्य को हासिल करने साइकिल के पहिए के समान नित्य गतिशील रहने हेतु प्रेरित किया। सरपंच महेंद्र राय ने आसपास के लगभग 10 ग्राम से आने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा में बढ़ोतरी के लिए उन्हें बधाई देते हुए राजानवागांव में हो रहे विकास कार्यों को भी बताया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विधि राम चंद्रवंशी ने किया।